मधुबनी के स्वयंसेवी संगठन

2691. श्री रामदेव भंडारी : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार के मधुबनी जिले में चल रहे उस स्वयंसेवी संगठन का नाम, उसके अध्यक्ष, सचिव तथा कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम तथा पते क्या-क्या हैं जिसके सी ए पी ए आर टी (कपार्ट) द्वारा पचहत्तर लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गयी है और जारी कर दी गयी है ;

(ख) क्या यह सच है कि उस संगठन के अधिकांश सदस्य एक दूसरे के रिश्तेदार हैं ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय के ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) बिहार के मधुबनी जिले में सामाजिक शैक्षणिक विकास केन्द्र नामक एक स्वयंसेवी एजेंसी को कापार्ट द्वारा 75 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत एवं रिलीज की गई है। इस स्वयंसेवी एजेंसी की कार्यकारी समिति के सदस्यों के नाम और पते विवरण में दिए गए हैं **(नीचे देखिए)** ।

(ख) कापार्ट के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार कार्यकारी समिति का कोई भी सदस्य एक दूसरे का रिश्तेदार नहीं है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

विवरण

क्रमांक	पिता/पति का नाम	पदनाम	पता
1	श्री गंगाराम यादव सुपुत्र श्री नेतिलाल यादव	अध्यक्ष	गांव-बलभद्रपुर (रिही टोल) डाकघर-झंझारपुर जिला-मधुबनी
2	श्री दीपक भारती सुपुत्र श्री एल० रामबहादुर प्रसाद	सचिव	गांव-पथराही डाकघर-झंझारपुर (आर०एस०) जिला मधुबनी
3	श्री रमन कुमार सुपुत्र श्री राधी प्रसाद	कोषाध्यक्ष	थाना-चिरैया डाकघर-डाका जिला-मोतीहारी पूर्वी चम्पारन
4	श्री मदन राय सुपुत्र श्री एल० तिलक राय	सदस्य	गांव व डाकघर-पथराही झंझारपुर (आर०एस०) जिला-मधुबनी
5	श्री नाबूनी पाल सुपुत्र श्री एल० महथ पाल	सदस्य	गांव-बलभद्रपुर (रिही टोल) डाकघर-झंझारपुर, जिला-मधुबनी
6	श्री राम दत्त यादव सुपुत्र श्री नगीना राय	सदस्य	गांव-मलुआ, डाकघर-भरसरा थाना-दुलाहिन बाजार, पटना
7	श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी श्री रमा राम	सदस्य	गांव-पथराही डाकघर-झंझारपुर (आर०एस०) जिला-मधुबनी
8	श्री मधुसूदन मेहती सुपुत्र श्री एल० जगपद मेहतो	सदस्य	गांव-पग टी डाकघर-पतमटा जिला-पूर्वी सिंहभूम
9	श्रीमती अमरिका देवी पत्नी श्री जगदीश सदर	सदस्य	गांव-जे०पी० गांव सोहरई डाकघर-पोखरभिण्डा गया-लोहना रोड, मधुबनी
10	श्री संजय कुमार सुपुत्र श्री लालचंदर भूषण वर्मा	सदस्य	हिलपऊ कालोनी डाकघर-एम०जी०एम० डिमना मांगो, जमशेदपुर
11	श्रीमती फुलिया देवी पत्नी श्री चन्दर सदई	सदस्य	जे०पी० ग्राम सोहरई डाकघर-पोखरभिण्डा गया लोहना रोड, मधुबनी